Raga of the Month December 2023   Raga NataBhairavi राग नटभैरवी

नटभैरवी यह कर्नाटक संगीतका एक मेलकर्ता है। हिन्दुस्तानी संगीत प्रणालीमें वह आसावरी थाटसे मिलताजुलता है । दाक्षिणात्य विद्वान इसे एक राग मानकर बरतते हैं। कर्नाटक संगीतसे हिंदुस्तानी संगीतमे प्रचलित हुए रागोंमे यह एक राग है। इसके लक्षणमें इसे सम्पूर्ण जाति का राग बताया गया है। कुछ वर्षों से इस रागका प्रचलन हिन्दुस्तानी संगीतमें हुआ है। हमारे संगीत विद्वान् इस राग के आरोह में मध्यम एवम् निषाद स्वरों को दुर्बल मानते हैं। इस राग में वादी स्वर धैवत तथा संवादी ऋषभ माना गया है और इसे प्रातः काल का राग माना गया है। मध्यम और निषाद स्वर दुर्बल होनेसे आसावरी थाटके शुद्ध रिषभ आसावरी तथा अन्य रागोंसे इस रागका स्वरुप अलग रहता है।

उठाव

पधसां, रेंसां, निध, प, पम, धपमगरे, रेगप, मगरे, गरेसा।

स्वर-विस्तार

१. सा, गरेसा, ध़प़, ध़सा, रेगप, मप, धप, मगरे, गरेसा।

२. सा, ध़सा, प़ध़सा, रे, गरे, मपधप मगरे, सारेगप, धम, पधसां, निधप, रेगमप, धप, निधप, मगरे, गमगरे, गरेसा।

३. सारेप, मप, धप, रेगमप, धप, सां, धप, धसां, पधनिसां, रेंगंरें, सां, धसां, रेंसां निधप, मगरेगप, मगरे, गरेसा, ध़सा, रेमपध पमगरे, म-गरे, गरेसा।

४. प, धप, निधप, सां, रेंसां, निधप, पधनिसां, रेंगंरें, सां, रेंसां, निसां, निधप, म, पधरेंसां, निधप, मधपमगरे, पमगरे, मगरेसा।

५. अंतरा : मप, धसां, पधनिसां, सां, धसां, रेंगंरें, गंरेंसां, धरें, रेंसांनिधप, मनिधप, रेगपमप, निधप, गंरें, रेंगंरेंसां, धसां, धनिसांरें, मंगंरेंसां, रेंगं, सांगंरें, मंगंरेंसां, निधप, मप, मधपमगरे, गमगरे, गरेसा।

६. तानें : निधपमगरे गमपध पमगरे गरेसा ध़सा। सारेमप धपमगरे सारेगरे पमगरे
पधसांरेंगंरें सांरेंसांनिधप रेगपमप मगरे गमपधनिसांनिधप मधपमगरेसा।
सारेमगरे पधसांनिधप धसांरेंगंरें मंगंरेंगं सांरें धरेंसांरें सांनिधप निधपम धपमगरेसा।

“अभिनव गीत मंजरी” के तीसरे भागमे इस रागमे आचार्य श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकरजीने रची हुई बंदिशें हम देख सकते हैं। इस रागका संक्षिप्त वर्णन ऊपर दिया हुआ है।

आजके ऑडियोमें हम आचार्य श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकरजी रचित तीन रचनाएँ सुनेंगे, जो उनके शिष्य पंडित के जी गिंडेजीने गायी हुई है।

संदर्भ : “अभिनव गीत मंजरी” भाग ३.

आभार : पंडित यशवंतबुवा महाले, श्री अजय गिंडे.

१- १२ -२०२३

Link to the list of 150+ Raga of the month articles -

@ Archive of ROTM Articles - http://oceanofragas.com/Raga_Of_Month_Alphabetically.aspx